हिन्दी मासिक अंक : 7 वर्ष : 13 अक्टूबर 2025 ₹5/-

# अक्षय किरण



## क्षैत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों को
## दीपों के त्योहार दीपावली
## की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

- दीप्ति किरण माहेश्वरी






# राइजिंग राजस्थान समिट ने औद्योगिक निवेश का नया इतिहास रचा

विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को सशक्त बनाने और औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने 'राइजिंग राजस्थान शिखर सम्मेलन' को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस समिट के दौरान 35 हजार अरब रुपये के निवेश समझौते (डवन्द्ध हुए हैं, जिनमें से 7 हजार अरब रुपये की परियोजनाओं पर कार्य आरंभ हो चुका है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में जयपुर में आयोजित विशेष समारोह में 4 हजार अरब रुपये के निवेश प्रस्तावों की 'ग्राउंड ब्रेकिंग' एवं शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में 9,300 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण भी हुआ।

उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, एमएसएमई और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में निवेश आकर्षित हुआ है, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान औद्योगिक समृद्धि और निवेश मित्रता का आदर्श राज्य बनेगा।



# भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली बनी विश्व की सबसे आधुनिक व्यवस्था

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि आपराधिक प्रकरणों के शीघ्र समाधान की दिशा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में किए गए सुधार 21वीं सदी के सबसे बड़े न्यायिक परिवर्तन हैं। उन्होंने कहा कि भारत की नई आपराधिक न्याय प्रणाली अब विश्व की सबसे आधुनिक, तकनीक–समर्थ और न्याय–केंद्रित व्यवस्था बन गई है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियमकृइन तीन नए कानूनों ने समयबद्ध, पारदर्शी और सुलभ न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में नया अध्याय खोला है। डिजिटल एफआईआर, चार्जशीट और फॉरेंसिक साक्ष्य जैसी तकनीकी व्यवस्थाओं से मुकदमों के निपटारे की प्रक्रिया तेज होगी। अब 2027 से प्रत्येक प्रकरण का निपटारा तीन वर्षों के भीतर सुप्रीम कोर्ट स्तर तक सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये सुधार केवल दंड पर नहीं, बल्कि न्याय, सुधार, जवाबदेही और नागरिक अधिकारों की रक्षा पर केंद्रित हैं। मॉब लिंचिंग, महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा और सामूहिक अपराधों से संबंधित सख्त प्रावधान समाज में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण सुदृढ़ करेंगे। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह परिवर्तन लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की विजय है, जो भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान और गौरव प्रदान करेगा।

# राजस्थान सुशासन, सुरक्षा और विकास के मापदंडों पर अग्रणी राज्य

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि राजस्थान सुशासन, सुरक्षा और विकास के क्षेत्र में निरंतर अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। राज्य सरकार द्वारा अब तक 80 प्रतिशत से अधिक बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन यह पुष्टि करता है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने मुख्यमंत्री के साथ आयोजित 'सांसददृविधायक संवाद कार्यक्रम' में भाग लेते हुए इसे विकास और सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस संवाद के माध्यम से "विकसित भारतदृविकसित राजस्थान" की रूपरेखा, प्राथमिकताएँ और लक्ष्यों पर समग्र विचार विमर्श हुआ, तथा क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करने पर ध्यान दिया गया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह कार्यक्रम जनभावनाओं और अपेक्षाओं से सरकार को अवगत कराने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कांग्रेस और सहयोगी दलों के झूठे आरोपों का विरोध करते हुए कहा कि भाजपा सरकार नए आयामों पर विकास और सुशासन स्थापित कर रही है।

# 'विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का साझा संकल्प' अभियान पोस्टर का विमोचन

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधायक जनसुनवाई केंद्र पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) द्वारा जारी "विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का साझा संकल्प" अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और संस्कारों का प्रथम मंदिर है। जब शिक्षक और विद्यार्थी इसे अपना गौरव समझेंगे, तभी शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य पूरा होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह अभियान समाज में विद्यालय के प्रति आत्मीयता और जिम्मेदारी की नई चेतना जागृत करेगा। राष्ट्रव्यापी अभियान आगामी 1 सितंबर को देश के पाँच लाख से अधिक विद्यालयों में एक साथ आयोजित होगा, जहाँ शिक्षक और विद्यार्थी स्वच्छता, एकता, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और उत्कृष्ट अध्ययन–अध्यापन के पाँच संकल्प लेंगे। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की सशक्त नींव होती है। यह पहल विद्यार्थियों और शिक्षकों को साझा उद्देश्य के लिए एकजुट करेगी, जिससे अकादमिक उत्कृष्टता के साथ विद्यालयों में अपनत्व और स्वाभिमान की भावना विकसित होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह अभियान नयी पीढ़ी को जिम्मेदार नागरिक और राष्ट्रनिर्माण के प्रति समर्पित नेतृत्व के रूप में तैयार करेगा।




# सेवा और समर्पण के चौबीस वर्ष

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रनिर्माण पथ

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की 24 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा आधुनिक भारत के इतिहास का प्रेरक और ऐतिहासिक अध्याय है। यह यात्रा 7 अक्टूबर 2001 से आरंभ हुई, जब उन्होंने भूकंपग्रस्त गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। अदम्य संकल्प, दूरदर्शिता और दृढ़ निश्चय के बल पर उन्होंने गुजरात को पुनर्निर्माण और विकास की दिशा में अग्रसर किया। औद्योगिक निवेश, कृषि सुधार, अधोसंरचना और सुशासन की नीतियों ने "गुजरात मॉडल" को देशभर में जनभागीदारी, पारदर्शिता और नीतिगत दृढ़ता का प्रतीक बना दिया।

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद श्री मोदी ने "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र को राष्ट्रीय नीति का आधार बनाया। उन्होंने शासन को जनसरोकारों से जोड़ते हुए गरीब, किसान, महिला, युवा और श्रमिक वर्ग के सशक्तिकरण को केंद्र में रखा। प्रधानमंत्री जन–धन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी पहल ने जनकल्याण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया। डिजिटल इंडिया और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसी पहलों ने शासन की पारदर्शिता बढ़ाई और 25 करोड़ से अधिक नागरिकों को गरीबी से बाहर लाने में अहम भूमिका निभाई।

श्री मोदी के नेतृत्व में आर्थिक सुधारों ने भारत की विकास गति को नई दिशा दी। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) ने कर प्रणाली को एकीकृत, सरल और पारदर्शी बनाया। सितंबर 2025 में लागू जीएसटी 2.0 के बाद दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमतों में उल्लेखनीय कमी आई है, जिससे आम जनता को राहत मिली है। यह सुधार आर्थिक शुचिता और जनविश्वास की दिशा में ऐतिहासिक कदम सिद्ध हुआ है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार रूप देते हुए 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों के माध्यम से औद्योगिक सृजन, नवाचार और रोजगार के अवसरों का विस्तार किया। स्वदेशी उत्पादन और तकनीकी आत्मनिर्भरता की भावना ने भारत को वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित किया है।

हाल ही में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बांसवाड़ा में 1,22,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिसमें 42,000 करोड़ की माही–बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना शामिल है। इसके साथ ही फालोदी, जैसलमेर, जालौर, सीकर और बीकानेर में हरित ऊर्जा परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। इन योजनाओं से राजस्थान ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और "विकसित















भारत–2047" की परिकल्पना साकार हो रही है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा नीति अधिक दृढ़ और निर्णायक बनी है। सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और हाल ही के "ऑपरेशन सिंदूर" ने राष्ट्र की सुरक्षा–संप्रभुता के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है। 2019 में अनुच्छेद 370 की समाप्ति मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि रही, जिसने कश्मीर को विकास और एकता की मुख्यधारा से जोड़ा।

विश्व मंच पर भी भारत की वाणी अब आत्मविश्वास और नैतिक शक्ति से गूंजती है। जी–20, ब्रिक्स, संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत ने संतुलित नेतृत्व का परिचय दिया। कोविड–19 काल में "वैक्सीन मैत्री" पहल ने भारत की मानवीय संवेदनशीलता को विश्व पटल पर स्थापित किया। जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और शांति जैसे विषयों पर भारत की भूमिका अब वैश्विक नीति निर्धारण में निर्णायक हो चुकी है।

प्रधानमंत्री मोदी का जीवन "सेवा परमो धर्मः" के आदर्श से अनुप्राणित है। सादगी, अनुशासन और कर्मनिष्ठा उनके व्यक्तित्व की पहचान है। उनका नेतृत्व केवल शासन नहीं, बल्कि करोड़ों नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रतीक है।

भारतीय संस्कृति, योग, अध्यात्म और परंपराओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाना भी उनके नेतृत्व का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने युवाओं को नवाचार, शिक्षा और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया तथा महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्वदेशी को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए नागरिकों से 'जो बेचना है वह भी स्वदेशी, जो खरीदना है वह भी स्वदेशी' का संकल्प लेने का आह्वान किया है। उनका मानना है कि जब नागरिक स्वदेशी उत्पाद अपनाते हैं तो स्थानीय कारीगरों, कामगारों और व्यापारियों को सीधा लाभ मिलता है, जिससे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी की दिशा में उठाया गया हर कदम राष्ट्रीय स्वाभिमान और आर्थिक सशक्तिकरण का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 24 वर्षों की यह सेवा यात्रा भारत के नवजागरण की कहानी है–जहाँ समर्पण, निष्ठा और नेतृत्व ने राष्ट्र को आत्मविश्वास से भरा है। यह यात्रा केवल एक नेता की नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक आकांक्षाओं और प्रयासों की प्रतीक है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत निरंतर विकास और गौरव के नए शिखर छू रहा है। आइए, हम सब "विकसित भारत–2047" के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान दें।

–श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी, विधायक, राजसमंद




# अब ऊंची नहीं होगी सड़कों की सतह : विधायक की पहल पर राज्य सरकार ने जारी किए निर्देश

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से नगरीय क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण एवं पुनर्निर्माण की अव्यवस्थित पद्धति की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि पुरानी सतह को हटाए बिना बार–बार डामरीकरण व निर्माण कार्य किए जाने से सड़कों की सतह ऊंची होती जा रही है, जिसके कारण आमजन को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि इस प्रवृत्ति से नालियों की गहराई बढ़ रही थी और उनकी सफाई में कठिनाई उत्पन्न हो रही थी। साथ ही भवनों की ऊँची कुर्सी लेने एवं रैंप बनाने की विवशता के कारण सड़कों की चौड़ाई घट रही थी, जिससे यातायात बाधित हो रहा था।

राज्य सरकार ने विधायक दीप्ति माहेश्वरी के प्रश्न के उत्तर में आश्वस्त किया है कि सभी नगर निकायों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि बिना पुरानी सतह हटाए सड़क निर्माण व डामरीकरण नहीं किया जाएगा। इस संबंध में प्रदेश सरकार ने 6 जून 2025 एवं 24 जुलाई 2025 को विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए हैं।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा इस जनसमस्या के समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई करने पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि यह निर्णय आमजन को राहत देने वाला सिद्ध होगा।

## किरण माहेश्वरी स्मृति मंच में मनोज लोढ़ा उदयपुर जिला अध्यक्ष एवं अनिल चतुर्वेदी संभाग प्रवक्ता नियुक्त





किरण माहेश्वरी स्मृति मंच ने अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने तथा जनसेवा और सामाजिक सरोकारों की गतिविधियों को और अधिक व्यापक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस क्रम में मंच के उदयपुर जिला अध्यक्ष पद पर श्री मनोज लोढ़ा तथा संभाग प्रवक्ता पद पर श्री अनिल चतुर्वेदी का मनोनयन किया गया है।

मंच के महासचिव श्री गोविंद दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि मंच के संरक्षक श्री सत्यनारायण माहेश्वरी एवं उपाध्यक्ष श्री इकराम राशिद कुरैशी की उपस्थिति में यह दायित्व उन व्यक्तियों को दिया गया है, जो समाज में सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठन की भावना को आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह मनोनयन स्वर्गीय श्रीमती किरण माहेश्वरी जी के जीवन दर्शन और उनके उत्कृष्ट कार्यों से प्रेरित होकर किया गया है, ताकि मंच के सामाजिक व रचनात्मक कार्यों का और अधिक विस्तार हो सके।

## वस्तु एवं सेवा कर संरचना का विवेकीकरण विकसित भारत अभियान की दिशा में बड़ा कदम

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर ;ळैज्ध संरचना का विवेकीकरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार का मूल उद्देश्य "जीवन में सुगमता" और "व्यापार करने में सुगमता" सुनिश्चित कर सुरक्षित, समृद्ध एवं विकसित भारत का निर्माण करना है। आवश्यक वस्तुओं पर कर में कमी से जहां परिवारों को सहूलियत मिलेगी, वहीं छोटे व्यापारियों को बल मिलेगा और देश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि उपभोक्ता मांग में वृद्धि से आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा और बड़ी संख्या में नए रोजगार अवसर उत्पन्न होंगे। उन्होंने इसे जनसाधारण और व्यापार जगत दोनों के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि यह पहल भारत की प्रगति यात्रा को और अधिक सशक्त बनाएगी।








# शिक्षक दिवस पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी की शुभकामनाएं

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य के सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। उन्होंने शिक्षकों के अतुल्य योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र के भविष्य को आकार देते हैं। इस अवसर पर, मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा द्वारा प्रारंभ किए गए "प्रखर अभियान 2.0" की सराहना करते हुए विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह अभियान विद्यार्थियों की क्षमता और गुणवत्ता बढ़ाने में एक सराहनीय कदम है। इस अभियान के माध्यम से कक्षा 3 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों की पढ़ने और समझने की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

उन्होंने राजस्थान एवं जिला स्तर पर सम्मानित सभी शिक्षकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि उनका समर्पण और परिश्रम आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रख रहा है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने यह भी कहा कि राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की ऑन डिमांड परीक्षा औपचारिक शिक्षा से वंचित युवाओं के लिए वरदान है। इससे उन्हें अपनी शिक्षा पूरी करने और जीवन में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

---

# जीएसटी सुधार किसानों की समृद्धि की दिशा में बड़ा कदम

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार किसानों की समृद्धि और कृषि के विकास का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

उन्होंने बताया कि अब ट्रैक्टर, कृषि यंत्र एवं उपकरणों पर कर की दर घटाकर मात्र 5 प्रतिशत कर दी गई है। इससे किसानों की कृषि लागत में कमी आएगी तथा आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता आसान होगी।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि कृषि लागत घटाना और किसानों की आय बढ़ाना मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस निर्णय से खेती अधिक लाभकारी बनेगी और किसानों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

उन्होंने इसे "किसानों की समृद्धि के नए युग का प्रारंभ" बताते हुए कहा कि जीएसटी सुधार से कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का प्रसार बढ़ेगा और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।




# विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी के स्वास्थ्य की जानकारी लेने पहुंचे वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता









विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी हाल ही में राजसमंद से उदयपुर आते समय हुई सड़क दुर्घटना के उपरांत चिकित्सकीय परामर्शानुसार स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। इस दौरान प्रदेश के अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों और सामाजिक व्यक्तित्वों ने उनके आवास पर पहुँचकर कुशलक्षेम जानी और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं राजसमंद जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने उदयपुर पहुँचकर विधायक माहेश्वरी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उनके साथ विधायक श्री फूल सिंह मीणा और श्री उदयलाल डांगी भी उपस्थित रहे। इसी क्रम में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने भी उनके निवास पर पहुँचकर स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी प्राप्त की और शीघ्र स्वस्थ होने की शुभेच्छा दी। पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने भी विधायक दीप्ति माहेश्वरी से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की मंगलकामना की। क्रेन्द्रीय पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने उदयपुर प्रवास के दौरान विधायक माहेश्वरी से भेंट कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन राठौड़, मेडता विधायक लक्ष्मणराम मेघवाल ने भी वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ उनके आवास पहुँचकर स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त केबिनेट मंत्री श्री सुमित गोदारा, विधायक श्री सुरेश सिंह रावत, श्री रविंद्र सिंह भाटी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने भी आत्मीयता से उनका कुशलक्षेम पूछा।

इसी क्रम में राजसमंद एवं उदयपुर अंचल से बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और श्रेष्ठी जनों ने भी विधायक दीप्ति माहेश्वरी से मिलकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की मंगलकामनाएँ व्यक्त की।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने सभी अतिथियों के स्नेह, संवेदनशीलता और शुभेच्छाओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह आत्मीय सहयोग उनके लिए प्रेरणा और संबल का कार्य करेगा।

# दीपों के त्योहार दीपावली

## की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई









PMCH HEALTH ADVISORS

# पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, बेदला

H-2024-1409

# बाल एवं शिशु रोग एवं पिडियाट्रिक सर्जरी विभाग

- नि:शुल्क परामर्श
- नि:शुल्क रक्त एवं मूत्र की जाँच
- नि:शुल्क वार्ड में भर्ती
- नि:शुल्क ECG, X-Ray, इकोकार्डियोग्राफी
- नि:शुल्क सभी तरह के ऑपरेशन



सफलतम 4000+ सर्जरी

**डॉ. प्रवीण झंवर**
बाल एवं नवजात शिशु सर्जन
Neonatal & Pediatric Surgeon & Pediatric Urologist
M.C.H. Pediatric Surgery





**डॉ. पुनीत जैन**
बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
DM ( Pediatric Critical Care)



**डॉ. सन्नी मालवीया**
बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
MD Pediatrics



ऑपरेशन थियेटर

**नि:शुल्क**

- जन्म के बाद सभी तरह का इलाज
- बच्चों की गंभीर बीमारियों का इलाज
- सामान्य टीकाकरण
- वेंटिलेटर की सुविधा
- एन.आई.सी.यू. एवं पी.आई.सी.यू. की सुविधा



पी.आई.सी.यू



वार्ड की सुविधा

**नि:शुल्क**

14 वर्ष तक के बच्चों का सभी तरह की बीमारियों का उपचार

**नि:शुल्क**

बच्चों के सभी तरह के ऑपरेशन एवं अन्य सुविधाएँ



एन.आई.सी.यू

*नियम व शर्तें लागू। *दवाईयां, इम्प्लांट एवं कन्ज्यूमेबल अतिरिक्त

अंबेरी पुलिया से पेसिफिक हॉस्पिटल बेदला के लिए आने एवं जाने के लिए मरीजों को नि:शुल्क वाहन की सुविधा

योजनाओं एवं सभी इंश्योरेंस एवं TPA के कैशलेस ईलाज के लिए अधिकृत हॉस्पिटल

24/7 सुविधाएँ उपलब्ध

भीलों का बेदला, एन.एच.-27, प्रताप पुरा, अम्बेरी, उदयपुर - 313011 (राजस्थान) | फोन : 8690541110




# राजसमंद विधानसभा क्षेत्र में DMFT कोष से 39 करोड़ के 49 विकास कार्य स्वीकृत

विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी ने बताया कि राजसमंद विधानसभा क्षेत्र में जिला खनिज प्रतिष्ठान ;क्डथ्ध्द कोष से 49 विकास कार्यों के लिए कुल 39 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि रेलमगरा अंचल में 19 सड़क निर्माण कार्यों हेतु 13 करोड़ रुपये, जबकि राजसमंद क्षेत्र में 25 सड़क निर्माण कार्यों के लिए 18.70 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। इसके अलावा राजसमंद नगर परिषद क्षेत्र में सड़क निर्माण और विद्यालयों में कक्षा–कक्ष निर्माण के लिए 60 लाख रुपये, राजसमंद झील की नहर मरम्मत हेतु 5 करोड़ रुपये तथा कॉजवे एवं पुलिया निर्माण के




लिए 1.85 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि रेलमगरा और राजसमंद अंचल में गिलूण्ड, भुरवाड़ा, सांवलपुरा, गांगास, खटामला, वासनी, सुन्दरचा, धायला, पिपलांत्री, मोही, बीड़ों की भागल, सांगठकलां और मुण्डोल सहित अनेक ग्राम पंचायतों में सड़कों के डामरीकरण एवं मरम्मत कार्यों को मंजूरी दी गई है। देवाणा में कॉजवे और पीपली आचार्यान में पुलिया निर्माण कार्य भी शामिल हैं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि ये स्वीकृतियाँ क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी अंचलों की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि राजसमंद क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु उनके प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

# धर्मांतरण विरोधी विधेयक का पारित होना समाज की सुरक्षा और स्वतंत्रता के लिए ऐतिहासिक कदम



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधानसभा में धर्मांतरण विरोधी विधेयक के पारित होने पर गहरा हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विधेयक देश की सुरक्षा, सामाजिक सद्भाव और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि दबाव, लालच अथवा धोखाधड़ी के माध्यम से लोगों का धर्म परिवर्तन कराना न केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन है, बल्कि यह समाज में अविश्वास और वैमनस्य भी बढ़ाता है। यह अंतरात्मा की स्वतंत्रता पर सीधा आघात है, जिसे किसी भी लोकतांत्रिक समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने सर्वोच्च न्यायालय के उस निर्णय का उल्लेख किया, जिसमें जबरन धर्मांतरण को देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए गंभीर खतरा माना गया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गोंकृदलित, शोषित, वंचित, दिव्यांग और महिलाओंकृको जबरन धर्मांतरण जैसी कुप्रवृत्ति से बचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति और देश विरोधी सोच के कारण इस विधेयक का विरोध कर रही है।

जबकि यह विधेयक समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की रक्षा का संवैधानिक उपाय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस विधेयक के प्रभावी क्रियान्वयन से समाज में विश्वास, समानता और सौहार्द का वातावरण सुदृढ़ होगा तथा देश की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पहचान सुरक्षित रहेगी।

## राजसमंद विधायक की सक्रियता, विकास और जनहित के लिए विधानसभा में प्रभावी प्रयास

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी राजस्थान विधानसभा में अपनी सक्रियता और समर्पित कार्यशैली के लिए विशेष ख्याति रखती हैं। सितंबर 2025 में आयोजित विधानसभा सत्र में विधायक माहेश्वरी ने 10 तारांकित और 20 अतारांकित प्रश्नों तथा 5 प्रस्तावों के माध्यम से राजसमंद क्षेत्र की विकास योजनाओं और सार्वजनिक हित के मुद्दों पर राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट किया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी सदन में निरंतर प्रयासरत रहती हैं कि विधानसभा की कार्यवाही का सीधा लाभ जनता को पहुंचे। उनका मुख्य उद्देश्य है कि विकास कार्य समय पर पूर्ण हों, प्रशासनिक प्रक्रियाओं में उत्पन्न जटिलताओं के कारण जनता को आने वाली समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके, और राज्य सरकार की घोषणाओं का त्वरित क्रियान्वयन हो।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी की यह सक्रियता और जवाबदेही जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप उनके क्षेत्र के विकास और प्रशासनिक पारदर्शिता को बढ़ावा देती है।




# राष्ट्र निर्माण में संघ की अविस्मरणीय भूमिका

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर सभी स्वयंसेवकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संघ व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक आंदोलन है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा भारतीयता की विचारधारा है। इसका लक्ष्य भारत को समर्थ, समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाना है तथा यह लक्ष्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से प्राप्त किया जाता है। संघ ने समरसता, संवाद और सहयोग के माध्यम से



भारतीयता के विचार को समाज में प्रतिष्ठित किया है।

उन्होंने कहा कि संघ की बुनियादी कार्यपद्धति में व्यक्ति, समाज और राष्ट्र निर्माण के साथ 'राष्ट्र प्रथम' की भावना तथा समाज सेवा का भाव केंद्र में रहा है। 100 वर्षों की यह विचार यात्रा पूर्ण करने के उपरांत भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज एक युवा, सशक्त और गतिशील संगठन के रूप में देश के सामने है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लाखों स्वयंसेवकों के त्याग, निष्ठा और समर्पण का जीवंत प्रतीक है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

# अमेरिकी धमकियों से डरकर सोनिया-मनमोहन सरकार ने की थी राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि कांग्रेस की सोनिया–मनमोहन सरकार ने अमेरिकी दबाव में देश की सुरक्षा से समझौता किया। उन्होंने बताया कि तत्कालीन गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने स्वयं स्वीकार किया कि अमेरिकी धमकियों के कारण पाकिस्तान के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उस समय के वायुसेना अध्यक्ष ने भी कहा कि सरकार ने सुरक्षा बलों को आवश्यक सैन्य कार्रवाई की अनुमति नहीं दी।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने 26/11/2008 के मुंबई आतंकवादी हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने शहर को तीन दिन तक बंधक बना दिया और सैकड़ों निर्दोष नागरिकों की हत्या की। इसके बावजूद कांग्रेस सरकार ने पाकिस्तान के विरुद्ध निर्णायक कदम नहीं उठाए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह रवैया आतंकवाद को पनपने का अवसर देने वाला और जनता के लिए असुरक्षा का कारण बनता है। यह कोई नई प्रवृत्ति नहीं, बल्कि कांग्रेस की विदेशी दबावों में राष्ट्रीय हितों के साथ समझौता करने की पुरानी आदत है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने निष्कर्ष में कहा कि देश की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान के लिए ऐसा आचरण घातक है।

मन की बात' स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और सेवा भावना के संकल्प को सशक्त बना रही है

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों के भाव और उपलब्धियों को साझा करने का सशक्त मंच है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और सेवा भावना को नए भारत के निर्माण की आधारशिला बताया है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने 'वोकल फॉर लोकल' के संदेश को विकसित भारत के संकल्प की दिशा में प्रेरक बताया। उन्होंने अपील की कि दशहरा, दीपावली और छठ पूजा जैसे पर्वों पर देश में निर्मित वस्तुएं और स्थानीय उत्पाद अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के उत्सव को सशक्त बनाएं।

उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारियोंकृ लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और रूपाकृद्वारा 'नाविका सागर परिक्रमा' पूरी करने को प्रेरणादायक बताया, जो बेटियों को बड़े सपने देखने और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देता है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की निस्वार्थ सेवा भावना की सराहना को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि गुरुजी गोलवलकर का भावकृ"यह मेरा नहीं, यह देश का है"कृसेवाव्रती कार्यकर्ताओं के बलिदान और सेवा की प्रेरणा है।




GMCH
GEETANJALI HOSPITAL
HEALTH IS HAPPINESS
OK?
क्या आपके गुर्दे सुरक्षित हैं?
नियमित जाँच करें, किडनी को स्वस्थ रखें!
गुर्दे रोग के कुछ लक्षण :
शरीर में सूजन | मूत्र में बदलाव | थकान और कमजोरी
भूख न लगना | हाई ब्लड प्रेशर | परिवार में किडनी रोग का इतिहास
सांस लेने में दिक्कत | मांसपेशियों में ऐंठन
बिना देर किए ब्लड टेस्ट और यूरिन टेस्ट करवाएं।
डॉक्टर की सलाह लें और अपनी किडनी को स्वस्थ रखें।
दक्षिणी राजस्थान का एकमात्र
एडवांस्ड यूरो-नेफ्रो सेन्टर | किडनी ट्रांसप्लांट सेन्टर
सबसे बड़ा एवं अत्याधुनिक डायलिसिस यूनिट
मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना
राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (RGHS)
सभी सरकारी, निजी, टी.पी.ए. (TPA) व इन्श्योरेन्स से अधिकृत।
गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, उदयपुर (राज.)
नेशनल हाईवे-8 बायपास, एकलिंगपुरा चौराहा के पास
91191 17766
0294 2500044

RNI No. RAJHIN/2013/50687 POSTAL REGN. RJ/UD/29-114/2025-2027
प्रेषक कार्यालय : मुख्य डाकघर चेतक सर्कल, उदयपुर
प्रकाशन दिनांक : 15.10.2025
प्रेषण दिनांक प्रत्येक माह की 18–22

# सेवा, समरसता और राष्ट्रनिर्माण की शताब्दी यात्रा – राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के अद्वितीय आदर्शों की गौरवपूर्ण यात्रा पूर्ण की है। 1925 में नागपुर में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित यह संगठन भारतीय संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय एकता का जीवंत प्रतीक बन गया। संघ का उद्देश्य है – "हिंदू समाज का संगठन कर भारत को सशक्त, समरस और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना।"

पिछले सौ वर्षों की यात्रा में संघ ने निःस्वार्थ सेवा, अनुशासन और समर्पण के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक अपनी प्रेरणा पहुँचाई है। कठिन परिस्थितियों, राजनीतिक मतभेदों और वैचारिक चुनौतियों के बावजूद संघ ने राष्ट्रसेवा की अपनी दिशा से कभी विचलन नहीं किया। यह यात्रा केवल संगठन का इतिहास नहीं, बल्कि व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण की अमर गाथा है।

संघ के कार्यों की व्यापकता शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजसेवा और जनकल्याण के विविध क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। एकल विद्यालयों, संस्कार केंद्रों और विद्या भारती संस्थानों के माध्यम से लाखों युवाओं को नैतिक और सांस्कृतिक शिक्षा प्रदान की गई। स्वास्थ्य शिविरों, रक्तदान अभियानों और ग्रामीण सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में जागरूकता और आत्मविश्वास का संचार हुआ। 2004 की सुनामी, उत्तराखंड की बाढ़ और कोरोना महामारी जैसे संकटों में संघ के स्वयंसेवकों ने राहत एवं पुनर्वास कार्यों में निःस्वार्थ सेवा का परिचय दिया।



संघ ने सामाजिक समरसता को राष्ट्रनिर्माण की नींव माना है। जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर एकात्मता और समानता का वातावरण निर्मित करने में संघ का योगदान अप्रतिम है। युवा सशक्तिकरण, महिला सहभागिता और किसान कल्याण के क्षेत्रों में भी संघ के प्रयासों ने समाज में आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान की भावना को बल दिया है।

'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना से प्रेरित होकर संघ ने भारतीय संस्कृति की सार्वभौमिकता का संदेश विश्वभर में पहुँचाया है। विदेशों में बसे स्वयंसेवक आज भी सेवा, योग, पर्यावरण संरक्षण और समाज–जागरण के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक छवि को सशक्त बना रहे हैं।

संघ अपने शताब्दी वर्ष (2025–2026) में समाज जागरण की नई दिशा के रूप में 'पंच संकल्प अभियान' चला रहा है। इस अभियान का उद्देश्य एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समरस भारत का निर्माण है। इसके अंतर्गत सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी प्रोत्साहन और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता को विशेष बल दिया जा रहा है। संघ मानता है कि जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होगा, परिवार संस्था संवाद और संस्कारों से सशक्त बनेगी, पर्यावरण संरक्षण जन–आंदोलन बनेगा और स्वदेशी उत्पादों के प्रति सम्मान बढ़ेगा– तभी भारत सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर और शक्तिशाली बनेगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यह शताब्दी यात्रा राष्ट्र की चेतना, संस्कृति और समर्पण की एक अमर गाथा है। सेवा, अनुशासन और समरसता की यह परंपरा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का दीप बनेगी। संघ का नव–शताब्दी लक्ष्य "शक्तिशाली भारत, विश्वगुरु भारत" है। संघ के स्वयंसेवक घर–घर जाकर आचरण, निष्ठा और सेवा के माध्यम से नागरिकों को राष्ट्रनिर्माण के इस महाअभियान से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। यही संघ की शताब्दी का सच्चा अर्थ, उसका गौरव और भारत की उज्ज्वल भविष्य यात्रा का आरंभ है।

**– विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी)**

Facebook kiranmaheshwari.bjp
Instagram kiranmaheshwari.bjp
Twitter kiransnm
DOWNLOAD Kiran Maheshwari APP

**प्रबंधकीय कार्यालय**
**457, अम्बामाता योजना,**
**उदयपुर - 313004,**
**मो. 0294- 3551805**

प्रधान सम्पादक
**डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी**
94146 16490

सम्पादक
**अनिल चतुर्वेदी**
9414164431

सह–सम्पादक
**राजेश शर्मा**
9414786019

**प्रकाशक मुद्रक एवं स्वामी :**
स्वत्वाधिकारी किरण माहेश्वरी स्मृति मंच की ओर से प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी, 457 अम्बामाता योजना, उदयपुर – 313004 से प्रकाशित। न्यूट्रेक ऑफसेट प्रिंटर्स, हिरण मगरी, उदयपुर से मुद्रित। पूर्व स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक : स्वर्गीय श्री जगदीश चंद्र देवपुरा, संपादक अनिल चतुर्वेदी

वार्षिक शुल्क – 300/–
आजीवन शुल्क – 2100/–
contact@kiranmaheshwari.com
www.kiranmaheshwari.com